# दैनिक  समाचार पत्रों में प्रकाशित सूचनाएँ–सत्र 2020–21

दिनाँक : 09 / 05 / 2020 डीएम द्वारा महाविद्यालय निरीक्षण–कोविड–19








दिनाँक : 07 / 06 / 2020

अयोध्या समाचार
23k फॉलोवर्स

फॉलोइंग

# देर रात डीएम ने किया एल-1 हॉस्पिटल का निरीक्षण



7 Jun 20 . 2:06 PM

◆ व्यवस्थाओ के प्रति लापरवाही न बरतें जाने के निर्देश

अंबेडकरनगर 7 जून। शनिवार देर शाम लगभग 8:30 बजे जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र एवं पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने संक्रमित लोगों के लिए बनाए गए एल-1 अस्पताल रमाबाई राजकीय महिला महाविद्यालय पहुंचकर वहां भर्ती किए गए लोगों का हाल-चाल एवं रहन सहन का जायजा लिया। एल -1अस्पताल में कुल 46 लोग भर्ती किए गए हैं, जिनमें से 11 महिलाएं भी हैं। जिलाधिकारी द्वारा पूछे जाने पर अवगत कराया गया कि शौचालय की नियमित साफ-सफाई की जा रही है। चादर प्रत्येक दिन बदला जा रहा है। वहीं कुछ लोगों द्वारा मच्छर के काटने की बात बताई गई जिस पर जिलाधिकारी ने तत्काल मौके पर ही सभी कमरों में दो दो आल आउट लगवाये। मौके पर उपस्थित मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अशोक कुमार को जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि मरीजों को मीनू के अनुसार गुणवत्तापूर्ण नाश्ता एवं भोजन उपलब्ध कराने में कोई कोताही बरती गई तो कठोर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि समय-समय पर नाश्ता एवं भोजन का प्रबंध सुनिश्चित किया जाए। मरीजों को पीने के लिए स्वच्छ एवं गुनगुना पानी उपलब्ध कराया जाए। डॉक्टर निरंतर अपने ड्यूटी पर तैनात रहते हुए मरीजों की पल-पल की खबर रखें। जिलाधिकारी ने महिलाओं के लिए स्नान करने एवं अन्य आवश्यक उपयोगी वस्तुओं को उपलब्ध कराने के लिए डॉ अशोक कुमार को निर्देश दिए। उन्होंने कहा महिलाओं एवं अन्य किसी भी मरीज को किसी प्रकार की दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़े।

दिनाँक : 22 / 06 / 2020

# कोरोना का विजेता बनने के करीब पहुंचा जिला




अम्बेडकरनगर | हिन्दुस्तान संवाद

कोरोना पूरे विश्व में कहर बरपा रहा है। देश में भी महामारी का पर्याय बना हुआ है। उत्तर प्रदेश में भी कोरोना से हाहाकार मचने का कारण बना हुआ है। अयोध्या मंडल में भी कोरोना का संक्रमण चिन्ता का सबब है। बावजूद इसके जिला कोरोना की जंग आसानी से जीत लेने की ओर बढ़ रहा है। सहसा शायद ही किसी को इस पर विश्वास हो लेकिन आंकड़े बता रहे हैं कि अम्बेडकरनगर जनपद में कोरोना वायरस की जंग अंतिम दौर में है।

देश-प्रदेश ही नहीं आसपास के और मंडल के जिलों में भले ही कोरोना का संक्रमण स्थिर न हुआ है मगर जिले में संक्रमण की स्थिति स्थिर हो गई है। कोरोना से मरने की दर थम गई है। संक्रमण से मुक्ति की दर भी बढ़ गई है। यानि कोरोना किसी को मौत दे पाने से ही नहीं किसी को संक्रमण से मुक्त होने से भी नहीं रोक पा रहा है। लोग तेजी से ठीक हो रहे है। अब नए संक्रमित कम मिल रहे हैं। जिले में प्रवासियों के करीब एक माह पूरे हो जाने से उनमें संक्रमण की अब लगभग उम्मीद नहीं रह गई है।

## कोरोना के संक्रमण के 40 दिन का हाल

जिले में 11 मई को कोरोना ने दस्तक दिया था और दो संक्रमित मिले थे। 15 मई को दो, .17 मई को सात, 18 मई को भी सात संक्रमित, 19 मई को दो संक्रमित, 20 मई को सात, 22 मई को चार संक्रमित मिले थे। इसी तरह 25 मई को पांच संक्रमित मिले और 26 मई को जिले में पहली कोरोना संक्रमित मौत हुई थी। 27 मई विद्यालय में क्वारन्टीन की मौत हुई 28 मई को पांच संक्रमित और कोरोना संक्रमित की तीसरी मौत हुई थी। 29 मई को पांच, 31 मई को दो संक्रमित मिले और 17 संक्रमित ठीक हुए थे। एक जून को चार संक्रमित मिले, दो जून को भी चार संक्रमित, चार जून को सुबह आठ और शाम को छह संक्रमित मिले थे। पांच जून को सीएमएस समेत पांच संक्रमित, आठ जून को चार संक्रमित मिले थे संख्या 92 हो गई थी। नौ जून को संक्रमित सीएमएस की मौत हुई और यह जिले में होने वाली चौथी मौत थी। 10 जून को चार, 12 दो संक्रमित और14 जून को पांच संक्रमित मिले संख्या शतक से अधिक हो गई, 15 व 16 को जून को एक, 17 जून को तीन और महिला के मरने के बाद पुष्टि हुई थी। 18 जून को एक संक्रमित मिल चुका है। अब तक 109 में संक्रमण मिल चुका है। पांच की मौत हो चुकी है और 88 ठीक हो चुके हैं।

दिनाँक : 02/07/2020

3:45 84%

ayodhyasamachar.com/single

जो दिखा वही लिखा

अयोध्या समाचार

Regd. No.- 1224/14-15

HOME |
ABOUT US

# एक भारत श्रेष्ठ भारत विषय पर राष्ट्रीय वेबिनार का हुआ आयोजन

Article ID: 44014




Photo Caption: *वेबिनार में शामिल विद्वान, शिक्षक व शोध कर्ता* : Photo Grapher : *Ayodhya Samachar*

◆ विभिन्न महाविद्यालयों के विद्वानों,शिक्षकों व शोधकर्ताओं ने

3:45 84%

अंबेडकर नगर, 2 जुलाई। रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर द्वारा एक 'भारत श्रेष्ठ भारत' के अन्तर्गत देखो मेरा देश थीम पर 'भारतीय संस्कृति के विविध आयाम: एक पुनरावलोकन' विषयक राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो शेफाली सिंह की अध्यक्षता में किया गया। प्रो शेफाली सिंह ने भारत की सांस्कृतिक विविधता को दुनिया के लिए मिसाल बताया। इस वेबिनार में भारत के विभिन्न महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के विद्वानों, शिक्षकों एवं शोधार्थियों ने प्रतिभाग किया। वेबिनार के समन्वयक डॉ अरविंद कुमार वर्मा संयोजक डॉ अतुल कुमार कनौजिया आयोजन सचिव डॉ रवींद्र कुमार वर्मा रहे। मुख्य अतिथि प्रो अजॉय मिश्रा ने भारतीय संस्कृति के विविध पक्षों पर प्रकाश डालते हुए समाज, साहित्य, भाषा और संस्कृति को एक दूसरे का पूरक बताया। मुख्य वक्ता डॉ विश्वजीत मिश्रा ने मेघालय एवं अरुणाचल प्रदेश के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं अरण्य संस्कृति के ढांचे को अपने वक्तव्य के माध्यम से व्यक्त किया। डॉ एसएन वर्मा ने ऐतिहासिक तथ्यों के आधार पर भारतीय संस्कृति और राज्यों के गठन की प्रक्रिया को रेखांकित करते बताया कि हमें एक दूसरे राज्यों की संस्कृति, भाषा एवं रीति रिवाज का सम्मान करने की आवश्यकता है। डॉ विश्वनाथ द्विवेदी ने अवधी साहित्य एवं संस्कृति पर विशेष प्रकाश डाला। डॉ शाहिद परवेज ने बताया कि मानव के कार्यों एवं क्रियाकलापों का प्रतिफल संस्कृति है और हमें हमेशा अच्छे संस्कार वाली संस्कृति को ही अपनाना चाहिए। वेबीनार का संचालन डॉ अखिलेन्द्र प्रताप सिंह ने किया। डॉ रवीन्द्र वर्मा ने आभार प्रकट किया।

दिनाँक : 03 / 07 / 2020 हिन्दुस्तान

# दुनिया के लिए मिसाल है भारत की सांस्कृतिक विविधता: शेफाली

**राष्ट्रीय वेबिनार**

अम्बेडकरनगर | हिन्दुस्तान संवाद

रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर के ओर से 'भारत श्रेष्ठ भारत' के तहत देखो मेरा देश थीम पर "भारतीय संस्कृति के विविध आयाम: एक पुनरावलोकन" विषयक राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया।

गुरुवार को महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. शेफाली सिंह के की अध्यक्षता में आयोजित वेबिनार का वेबीनार का संचालन डा. अखिलेन्द्र प्रताप सिंह ने किया। वेबिनार में प्रो. शेफाली सिंह ने भारत की सांस्कृतिक विविधता को दुनिया के लिए मिसाल बताया। वेबिनार में भारत के विभिन्न महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के विद्वानों, शिक्षकों एवं शोधार्थियों ने प्रतिभाग किया।

वेबिनार के समन्वयक डा. अरविंद कुमार वर्मा संयोजक, डा. अतुल कुमार कन्नौजिया, आयोजन सचिव रवींद्र कुमार वर्मा रहे। मुख्य अतिथि प्रो. अजय मिश्र ने भारतीय संस्कृति के विविध पक्षों पर प्रकाश डालते हुए समाज, साहित्य, भाषा और संस्कृति को एक दूसरे का पूरक बताया। मुख्य वक्ता डा. विश्वजीत मिश्र ने मेघालय एवं अरुणाचल प्रदेश के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं अरण्य संस्कृति के ढांचे को अपने वक्तव्य के माध्यम से व्यक्त किया। डा. एसएन वर्मा ने ऐतिहासिक तथ्यों के आधार पर भारतीय संस्कृति और राज्यों के गठन की प्रक्रिया को रेखांकित करते कहा कि हमें एक दूसरे राज्यों की संस्कृति, भाषा एवं रीति रिवाज का सम्मान करना चाहिए।

**वेबिनार के लिए 250 शिक्षकों का पंजीयन:** राज्य शैक्षिक तकनीकी संस्थान की प्रेरणा से जिले की एडुलीडर्स टीम की ओर से जनपद स्तरीय ऑनलाइन वेबिनार आयोजित किया जाएगा। बेसिक शिक्षा विभाग के वेबिनार का शुभारंभ शुक्रवार को होगा। 10 दिनों वेबिनार में शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा।

दिनाँक : 03 / 07 / 2020 अमर उजाला

# भारत की सांस्कृतिक विविधता दुनिया के लिए मिसाल : प्रो. शेफाली

संवाद न्यूज एजेंसी

अम्बेडकर नगर। रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर द्वारा एक भारत श्रेष्ठ भारत के अन्तर्गत देखो मेरा देश थीम पर भारतीय संस्कृति के विविध आयाम एक पुनरावलोकन विषयक राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो शेफाली सिंह की अध्यक्षता में किया गया।

**एक भारत श्रेष्ठ भारत के अन्तर्गत देखो मेरा देश थीम पर भारतीय संस्कृति के विविध आयाम एक पुनरावलोकन विषयक राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन**

गुरुवार को रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्रो. शेफाली सिंह ने भारत की सांस्कृतिक विविधता को दुनिया के लिए मिसाल बताया। इस वेबिनार में भारत के विभिन्न महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के विद्वानों, शिक्षकों एवं शोधार्थियों ने प्रतिभाग किया। वेबिनार के समन्वयक डॉ. अरविंद कुमार वर्मा, संयोजक डॉ. अतुल कुमार कन्नौजिया, आयोजन सचिव डॉ. रवींद्र कुमार वर्मा रहे। मुख्य अतिथि प्रो. अजय मिश्रा ने भारतीय संस्कृति के विविध पक्षों पर प्रकाश डालते हुए समाज, साहित्य, भाषा और संस्कृति को एक दूसरे का पूरक बताया। मुख्य वक्ता डॉ. विश्वजीत मिश्रा ने मेघालय एवं अरुणाचल प्रदेश के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं अरण्य संस्कृति के ढांचे को अपने वक्तव्य के माध्यम से व्यक्त किया।

डॉ एसएन वर्मा ने ऐतिहासिक तथ्यों के आधार पर भारतीय संस्कृति और राज्यों के गठन की प्रक्रिया को रेखांकित करते हुए बताया कि हमें एक दूसरे राज्यों की संस्कृति, भाषा एवं रीति रिवाज का सम्मान करने की आवश्यकता है। डॉ. विश्वनाथ द्विवेदी ने अवधी साहित्य एवं संस्कृति पर विशेष प्रकाश डाला। डॉ. साहिद परवेज ने बताया कि मानव के कार्यों एवं क्रियाकलापों का प्रतिफल संस्कृति है और हमें हमेशा अच्छे संस्कार वाली संस्कृति को ही अपनाना चाहिए। वेबीनार का संचालन डॉ अखिलेन्द्र प्रताप सिंह ने किया। डॉ रवीन्द्र वर्मा ने आभार प्रकट किया।

दिनाँक : 23 / 08 / 2020

अयोध्या समाचार
24k फॉलोवर्स
फॉलोइंग

# रविवार को बीस लोगों में हुई कोरोना की पुष्टि



23 Aug 20 . 8:08 PM







◆ जिले में नही रूक रहा कोरोना का संक्रमण

अम्बेडकरनगर, 23 अगस्त । जिले में कोरोना के संक्रमण का प्रभाव कम होता नही दिख रहा है। रविवार को आई रिपोर्ट में बीस लोगों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है। इनमें से 11 लोग एन्टीजन टेस्ट में पाजिटिब पाये गये हैं जबकि शेष अन्य नौ लोग टू-नाट व आरटीपीसीआर जांच में पाजिटिब पाये गये। जिले में अब कोरोना संक्रमण के 191 केस सक्रिय हैं। रविवार को बीस लोगों की टू-नाट से तथा एक हजार दो लोगों की एन्टीजन से जांच की गई। जिले में अब तक कोरोना संक्रमण से 17 लोगों की मौत हो चुकी है तथा 449 लोग स्वस्थ होकर घर जा चुके हैं। अब तक 657 लोगों में कोरोना का संक्रमण पाया जा चुका है।

दिनाँक : 08/09/2020 अमर उजाला

# हम जितना प्रकृति के करीब रहेंगे, उतना अधिक स्वस्थ रहेंगे: शेफाली



वेबिनार को सम्बोधित करतीं प्रोफेसर शेफाली सिंह व अन्य।

अम्बेडकरनगर। रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं एनईईओ के तत्वावधान में रविवार एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन शाकाहार एवं स्वास्थ्य प्रबन्धन कोविड- 19 विषय पर हुआ। ऑनलाइन संपन्न कराए गए। वेबीनार के मुख्य अतिथि प्रोफेसर सुधीर कुमार तेवतिया वाइस चांसलर, लिंगाया विश्वविद्यालय फरीदाबाद, संरक्षिका तथा प्राचार्य प्रोफेसर शेफाली सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के रुप में डॉ मनोज पांडे बीएचयू कैंसर विभाग की उपस्थिति में संपन्न हुआ। मुख्य वक्ता के रूप में राजीव कुरेले एम.डी आयुर्वेद, आयुर्वेद विश्वविद्यालय उत्तराखंड, डाइटिशियन डॉ रीता आनंद पीजीआई लखनऊ, डॉ. गरिमा उपाध्याय, एसोसिएट प्रोफेसर वसंत कन्या महाविद्यालय वाराणसी ने अपने सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत किए।

दिनाँक : 08/09/2020 हिन्दुस्तान

# भारतीय डिश बढ़ाएगी रोग प्रतिरोधक क्षमता

**वेबिनार**

अम्बेडकरनगर | हिन्दुस्तान संवाद

रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं एनईईडब्ल्यू के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन हुआ। सेमिनार का विषय शाकाहार एवं स्वास्थ्य प्रबन्धन और कोविड-19 रहा। ऑनलाइन हुए वेबीनार के मुख्य अतिथि लिंगाया विश्वविद्यालय फरीदाबाद के वाइस चांसलर प्रो. सुधीर कुमार तेवतिया रहे। वेबिनार में कोरोना संकट से बचने में आयुर्वेद और भारतीय खानपान को कारगर बताया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. शेफाली सिंह के संयोजन में हुए वेबिनार के विशिष्ट अतिथि बीएचयू वाराणसी के कैंसर विभाग के डॉ मनोज पांडेय रहे।

मुख्य अतिथि वाइस चांसलर प्रो. सुधीर कुमार तेवतिया ने कहा कि प्राकृतिक पदार्थों के सेवन से, भारतीय परंपरागत खानपान से, स्वस्थ जीवनशैली से शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत किया जा सकता है और रोगों से लड़ने की क्षमता को विकसित किया जा सकता है। प्रो. शेफाली सिंह ने कहा कि हम जितना अपने को प्रकृति के करीब रखेंगे, उतना ही स्वस्थ रहेंगे। कहा कि शाकाहारी भोजन से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है। आयुर्वेद विश्वविद्यालय उत्तराखंड के एमडी आयुर्वेद राजीव कुरेले ने आयुर्वेद पद्धति, योगासन, शाकाहारी भोजन, प्राकृतिक चिकित्सा, शुद्ध वायु, हल्दी, गिलोय, तुलसी को अपनाने पर जोर दिया। पीजीआई लखनऊ की डाइटिशियन डा. रीता आनंद ने भोजन में पौष्टिक पदार्थों के सेवन की तथा खाद्य पदार्थों की संतुलित मात्रा के इस्तेमाल की आवश्यकता बताया। बसंत कन्या महाविद्यालय वाराणसी की डा. गरिमा उपाध्याय ने भारतीय पारंपरिक खाद्य पदार्थ एवं ऋतु चर्या पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के विभिन्न तरीकों को विस्तार से बताया। डाइटिशियन डा. शिवालिका चन्ना ने कहा कि भोजन में पौष्टिक तत्वों जैसे प्रोटीन, खनिज लवण, विटामिन, कार्बोहाइड्रेट रहना कोरोना काल में फायदेमंद होगा। संचालन जहां डा. उपदेश वर्मा ने किया वहीं धन्यवाद ज्ञापन वेबिनार आयोजन सचिव डा. संगीता ने किया। द्वारा किया गया। वेबीनार में 2600 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।

दिनाँक : 16 / 10 / 2020 हिन्दुस्तान

# हाथ धोने का सही तरीका बताया

**अम्बेडकरनगर।** रमाबाई राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना, रेडक्रास और रोवर रेंजर्स की छात्राओं ने संयुक्त रूप से अभियान चलाया। अभियान चलाकर चयनित गांवों के ग्रामीणों में साबुन का वितरण किया। साथ ही कोरोना महामारी से बचाव के लिए हाथों को धुलने के हर एक स्टेप को बखूबी समझाया।

महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. शेफाली सिंह ने कोरोना से बचाव के महत्व पर प्रकाश डाला गया। कहा कि कोरोना के प्रसार को कम करने का एक मात्र उपाय समय समय पर हाथों को अच्छी तरह धुले व सरकार के बताए निर्देशों का पालन करें।

दिनाँक : 16 / 10 / 2020 अिमर उजाला

# साबुन के पैकेट दान किए

**अंबेडकरनगर।** विश्व हैंडवॉश डे के मौके पर रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर, महाविद्यालय प्रांगण में राष्ट्रीय सेवायोजन की दोनों इकाइयों के स्वयंसेवकों को हाथ धुलने का सही तरीका बताया गया। प्राचार्य प्रो. शेफाली सिंह ने स्वयंसेवकों को बताया कि बेहतर स्वास्थ्य के लिए अच्छी तरह से हाथ धुलना बेहद जरूरी है। जरूरी है कि खाने से पहले कम से कम बीस सेकेंड तक हैंडवॉश किया जाए। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए कम से कम दिन में पांच बार हाथ अच्छी तरह धुलें। इसके बाद स्वयंसेवकों द्वारा चयनित ग्राम ताजनपुर व अफलजपुर में साबुन वितरण कर ग्रामीणों को हाथ धुलने का तरीका बताया गया। इससे पहले महाविद्यालय परिसर में साबुन दान पेटिका लगी। इसमें महाविद्यालय के सदस्यों ने साबुन के पैकेट दान किए। इस दौरान डॉ. राजेश कुमार यादव, डॉ. सीमा यादव, चंद्रभान आदि मौजूद रहे।

दिनाँक : 18 / 10 / 2020

आदित्य टाइम्स

# महिला सुरक्षा एवं साइबर अपराध विषय पर राष्ट्रीय वेबिनार का किया गया आयोजन



दिनाँक : 20 / 10 / 2020 हिन्दुस्तान

# इंटरनेट का सावधानी से करना चाहिए प्रयोग

**वेबिनार**

अम्बेडकरनगर | हिन्दुस्तान संवाद

रमाबाई राजकीय महिला महाविद्यालय अकबरपुर में मिशन शक्ति के तहत महिला सुरक्षा एवं साइबर अपराध विषय पर राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन हुआ। अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य एवं संरक्षक प्रो. शेफाली सिंह ने किया। वेबीनार के मुख्य वक्ता साइबर अपराध के विशेषज्ञ डा. विवेक कुमार उपाध्याय ने महिला सुरक्षा एवं साइबर अपराध से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विचार प्रस्तुत किया।

डा. विवेक ने कहा कि व्हाट्सएप, फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम, बैंकिंग क्षेत्र में होने वाले तमाम तरह के अपराध से खुद को सावधान रहकर बचाया जा सकता है। कहा कि इंटरनेट का इस्तेमाल करने में अपनी निजी जानकारी किसी भी अज्ञात साझा करने से बचना चाहिए। अनजान लोगों से इंटरनेट पर बातचीत या ई-मेल का आदान-प्रदान नहीं करना चाहिए। कोई भी तस्वीर डालने से बचना चाहिए। किसी भी प्रकार का पासवर्ड कभी किसी से साझा नहीं करना चाहिए। प्रो. शेफाली सिंह ने महिलाओं के खिलाफ साइबर क्राइम में प्रभाव शारीरिक से अधिक मानसिक है, जबकि महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने वाले कानूनों का ध्यान मानसिक नुकसान की तुलना में शारीरिक पर अधिक है। साइबर क्राइम ने हजारों महिलाओं को डिप्रेशन, अवसाद जैसे विभिन्न स्वास्थ्य मुद्दों में डाल दिया है। उन्होंने साइबर स्काइटिंग, ईमेल स्पूफिंग, फिशिंग, साइबर कानून जैसे विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत रूप से चर्चा की। कहा कि जहां इंटरनेट हमारे लिए वरदान है, वहीं ऐसे बहुत से क्षेत्र हैं जहां वह एक श्राप के रूप में हमें नुकसान भी पहुंचा रहा है। हमें आजकल की इस सोशल मीडिया की दुनिया में बहुत संभलकर कदम उठाने की आवश्यकता है। वेबिनार की संयोजक संगीता ने संचालन तथा धन्यवाद ज्ञापन वेबिनार के समन्वयक रवींद्र कुमार वर्मा ने किया।

दिनाँक : 22 / 10 / 2020 हिन्दुस्तान

# रमाबाई राजकीय महिला महाविद्यालय में महिला सुरक्षा विषय पर आयोजित किया गया वेबीनार

संवाददाता

अम्बेडकरनगर। मिशन शक्ति अम्बेडकरनगर की नोडल अधिकारी रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर शेफाली सिंह के संरक्षण में शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति जागरूकता अभियान के अन्तर्गत महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर रवीन्द्र कुमार वर्मा व संगीता जी के संयोजन में दिनांक 13 10 2020 को महिला सुरक्षा विषय पर आयोजित वेबीनार में विवेक कुमार उपाध्याय द्वारा महिला सुरक्षा अधिनियम व साइबर अपराध के अनेक बिन्दुओं के बारे में समझाया साथ ही महाविद्यालय की प्राचार्य जी ने छात्राओं को अधिकाधिक जागरूक बनने और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय की यूथ रेड क्रॉस सोसाइटी के संयोजन में दिनांक 19–10–2020 से दिनांक 22 10 2020 तक स्वास्थ्यवर्धन एवं पोषण पर प्रतिदिन वेबीनार/सेमीनार और अनेक प्रतियोगिताओं को आयोजित किया जाएगा। दिनांक 19–10–2020 को योग द्वारा इम्यूनिटी वर्धन विषय पर आयोजित वेबीनार में प्रोफेसर चन्द्रभान द्वारा एवं बी कॉम की छात्रा अंकुर वर्मा द्वारा छात्राओं को योग प्रशिक्षण दिया गया साथ ही कोविड–19 पर निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दिनांक 20–10–2020 को ऑनलाइन कोविड 19 जागरूकता कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राओं की सहभागिता पर किये सर्वे के अनुसार महाविद्यालय की छात्राओं ने ऑनलाइन/ऑफलाइन माध्यम से पांच हजार से अधिक लोगों को जागरूक किया साथ ही नारा लेखन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। दिनांक 21–10–2020 को कोविड–19 के सन्दर्भ में औषधीय पौधों द्वारा इम्यूनिटी वर्धन विषय पर संगोष्ठी एवं इको क्लब द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता, दिनांक 22–10–2020 को कोविड 19 पर सेमिनार एवं ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन प्रस्तावित है।

दिनाँक : 24 / 10 / 2020

# मिशन शक्ति के तहत महिला सुरक्षा एवं साइबर अपराध विषय पर हुई चर्चा

अवध टाइम्स अम्बेडकरनगर। रमाबाई राजकीय महिला महाविद्यालय अकबरपुर अंबेडकर नगर मिशन शक्ति के अंतर्गत महिला सुरक्षा एवं साइबर अपराध विषय पर एक राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य एवं संरक्षक प्रोफेसर शेफाली सिंह ने किया।सेमिनार के मुख्य वक्ता साइबर अपराध के विशेषज्ञ डॉ विवेक कुमार उपाध्याय ने महिला सुरक्षा एवं साइबर अपराध से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार प्रस्तुत किए आपने अपने वक्तव्य में व्हाट्सएप फेसबुक, ट्विटर इंस्टाग्राम बैंकिंग के क्षेत्र में होने वाले तमाम तरह के अपराध से खुद को कैसे बचाएंगे ,अपने बच्चों व परिवार को कैसे सुरक्षित रख पाएंगे ,इन तमाम पहलुओं पर बड़े ही रोचक एवं सारगर्भित ढंग से प्रकाश डाला इंटरनेट का इस्तेमाल करते समय हम अपनी निजी जानकारी किसी अज्ञात व्यक्ति के साथ साझा न करें। अनजान लोगों से इंटरनेट पर बातचीत या ई-मेल का आदान-प्रदान न



करें, इंटरनेट पर कोई भी तस्वीर डालने से बचें, कोई इसका दुरुपयोग कर सकता है अपना किसी भी प्रकार का पासवर्ड कभी किसी से साझा न करें ।अनजान लोगों के ई मेल का जवाब न दें ईमेल के माध्यम से जो भी प्रलोभन आपको दिए जाते हैं उसके झांसे में न आएं।

इस अवसर पर प्रोफेसर शेफाली सिंह ने महिलाओं के खिलाफ साइबर क्राइम में प्रभाव शारीरिक से अधिक मानसिक है जबकि महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने वाले कानूनों का ध्यान मानसिक नुकसान की तुलना में शारीरिक पर अधिक है। साइबर क्राइम से हजारों महिलाओं को डिप्रेशन अवसाद जैसी विभिन्न स्वास्थ्य मुद्दों में डाल दिया है उत्पीड़न के कारण महिलाएं चिंता, हृदय रोग और थायराइड जैसी बीमारियों से पीड़ित है। साइबर क्राइम से शारीरिक और मानसिक दोनों का नुकसान होता है। इससे कैसे बचाव हो सकता है ,उसके विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। इस दौरान उन्होंने साइबर स्टाकिंग ईमेल स्पूफिंग, फिशिंग ,साइबर कानून जैसे विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत रूप से चर्चा की। साइबर कानून से संबंधित अधिनियम का भी जिक्र उन्होंने अपने उद्बोधन में किया। उन्होंने बताया कि आजकल तकनीकी की दुनिया में जहां इंटरनेट हमारे लिए वरदान है, वहीं ऐसे बहुत से क्षेत्र हैं जहां यह एक श्राप के रूप में हमें नुकसानदेह भी कर रहा है। हमें आजकल की इस सोशल मीडिया की दुनिया में बहुत संभलकर कदम उठाने की आवश्यकता है। वेबीनार की संयोजक श्रीमती संगीता ने संचालन तथा धन्यवाद ज्ञापन वेबिनार के समन्वयक रवींद्र कुमार वर्मा ने किया। इस वेबीनार में 300 से अधिक प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।

# प्रदेश में संचालित किए जा रहे 'मिशन शक्ति अभियान' कार्यक्रम

**रज़ा डेली विशाल इंडिया**

**अम्बेडकरनगर।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं/बालिकाओं की सहभागिता, सम्मान, आत्म सुरक्षा, पोक्सो एक्ट एवं महिला अपराध संबंधी कानूनों का वृहद् प्रचार-प्रसार करने के लिए प्रदेश में संचालित किए जा रहे 'मिशन शक्ति अभियान' कार्यक्रम ( दिनांक-17/10/2020-दिनांक-25/10/2020 तक) के अंतर्गत आज सातवें दिन रमाबाई राजकीय महिला महाविद्यालय अकबरपुर,अंबेडकर नगर की प्राचार्य एवं संरक्षक प्रोफेसर शेफाली सिंह ने महाविद्यालय की छात्राओं, एवं अभिभावकों को प्रथम सत्र में महिला सुरक्षा सम्मान व उन्हें बराबरी का दर्जा देने तथा उनके साथ गरिमापूर्ण व्यवहार करने हेतु संबोधित किया । अपने उद्बोधन में उन्होंने बताया कि सृष्टि के निर्माण में महिलाओं का भी उतना योगदान है जितना पुरुष का, लेकिन अधिकार के मामले में नारी पीछे हैं।कोई राष्ट्र कितना भी तरक्की कर ले लेकिन अगर महिला सशक्त नहीं है तो उसका पूर्ण विकास नहीं माना जाएगा। साथ ही उन्होंने बताया कि नारी को संवैधानिक दृष्टि से अधिकार प्राप्त हैं, लेकिन व्यवहारिक रूप से नहीं यह स्थिति ठीक नहीं है। आज हम सभी को महिला सम्मानता के लिए सकारात्मक सोच रखने की आवश्यकता है। नारी के प्रति किसी भी प्रकार का दुराग्रह या दोहरा आचरण नहीं होना चाहिए ।

प्रोफेसर शेफाली सिंह ने बताया कि आज जहां पर भी नारियों को अवसर मिला है वहां पर नारी अपनी पूरी क्षमता और निष्ठा के साथ उस कार्य को संपादित किया है उन्होंने कहा कि लड़कियों को सुरक्षा सम्मान व स्वावलंबी बनाने के लिए महाविद्यालय प्रयासरत है ।नारियां प्रत्येक क्षेत्र में अपना सर्वोत्तम योगदान दे रही हैं ,चाहे वह शिक्षा जगत, पुलिस व्यवस्था हो, पंचायती राज व्यवस्था, चिकित्सा क्षेत्र हो या फिर अनुसंधान संस्थान या कोई अन्य क्षेत्र। वर्तमान दौर महिला सशक्तिकरण का दौर है आज महिलाएं आंगन से निकलकर अंतरिक्ष तक पहुंच गए हैं लेकिन फिर भी कुछ क्षेत्रों में महिलाओं की हालत दयनीय बनी हुई है इसलिए महिलाओं को समाज में और सशक्त बनाने के लिए सरकार ने घरेलू हिंसा अधिनियम- 2005 ,दहेज अधिनियम -1961,हिंदू विवाह अधिनियम -1955 और न्यूनतम मजदूरी अधिनियम -1948 जैसे कानून बनाए हैं।

इस अवसर पर समाजशास्त्र विभाग के प्रभारी डॉ अरविंद कुमार वर्मा ने कहा शिक्षित शिक्षित व सशक्त आत्मनिर्भर महिलाएं तथा बालिकाएं किसी समाज की उन्नति व प्रगति का आधार स्तंभ होते हैं और मिशन शक्ति का उद्देश्य इसी को साकार रूप प्रदान करता है साथ ही उन्होंने बताया कि महिलाओं को देवतुल्य बनाने से अधिक बेहतर है कि उनको भयमुक्त वातावरण व सुरक्षा उपलब्ध हो।

महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए सबसे पहले समाज में उनके अधिकारों और मूल्यों को मारने वाले उन सभी राष्ट्रीय प्रवृत्तियों को मारना जरूरी है जैसे दहेज प्रथा अशिक्षा ,यौन हिंसा, असमानता, भ्रूण हत्या ,महिलाओं के प्रति घरेलू हिंसा, बलात्कार ,वेश्यावृत्ति, मानव तस्करी और ऐसे ही दूसरे विषय लैंगिक भेदभाव राष्ट्र में सांस्कृतिक सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक अंतर ले आता है। जो समाज को पीछे की ओर धकेलता है इसके लिए परिवार व समाज को लड़के और लड़कियों में भेद को समाप्त करना होगा तथा उनके साथ समान व्यवहार करने की आवश्यकता है।

मिशन शक्ति के अंतर्गत बालिकाओं व महिलाएं कैसे हेल्पलाइन नंबर का प्रयोग कर सुरक्षा प्राप्त कर सकती हैं ,इस तथ्य पर सुश्री सीता पांडेय ने अपने विचार रखे तथा उन्होंने कुछ कानूनी पहलुओं पर भी प्रकाश डाला ।डॉ सुधा साह आचार्य ,हिंदी विभाग ने बताया कि मिशन शक्ति के अंतर्गत महाविद्यालय में 180 दिनों तक 17 अक्टूबर 2020 से अप्रैल 2021 तक बालिकाओं से जुड़े प्रत्येक समस्या का समाधान किया जाएगा तथा 180 दिनों के बाद भी इस दिशा में प्रयास जारी रहेगा उन्होंने इस उद्देश्य हेतु गठित समिति की भी जानकारी दी। इस अवसर पर डॉ शाहिद परवेज ,रवीन्द्र कुमार वर्मा डॉ महेंद्र यादव ,डॉ मनोज गुप्ता ,डॉ नंदन सिंह ,विजय प्रकाश सिंह, संगीता,कुंवर संजय भारती, श्रीमती विजयलक्ष्मी यादव, डॉ सीमा यादव, डॉ. अजीत प्रताप सिंह , चंद्रभान तथा समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित था।

दिनाँक : 25/10/2020

# महिला समानता के लिए रखे सकारात्मक विचार


अम्बेडकरनगर | हिन्दुस्तान संवाद

नारी सुरक्षा, सम्मान, सहभागिता और सशक्तीकरण के लिए मिशन शक्ति के तहत रमाबाई राजकीय महिला महाविद्यालय अकबरपुर में संगोष्ठी हुई। संगोष्ठी में प्राचार्य प्रो. शेफाली सिंह ने छात्राओं एवं अभिभावकों को प्रथम सत्र में महिला की सुरक्षा, सम्मान और उन्हें बराबरी का दर्जा देने के साथ उनसे गरिमापूर्ण व्यवहार करने पर जोर दिया।

प्राचार्य प्रो. शेफाली ने कहा कि सृष्टि के निर्माण में महिलाओं का भी उतना योगदान है जितना पुरुषों का है, लेकिन अधिकार के मामले में नारी अभी पीछे हैं। कहा कि कोई राष्ट्र कितना भी तरक्की कर ले लेकिन अगर महिला सशक्त नहीं है तो उसका पूर्ण विकास नहीं माना जाता है। कहा कि महिलाएं आंगन से निकलकर अंतरिक्ष तक पहुंच गई हैं लेकिन कुछ क्षेत्रों में उनकी हालत दयनीय बनी हुई है। समाजशास्त्र विभाग के प्रभारी डॉ अरविंद कुमार वर्मा ने कहा कि महिलाओं को देवी तुल्य बनाने से अधिक बेहतर है कि उनको भयमुक्त वातावरण व सुरक्षा उपलब्ध कराया जाए।

## रमाबाई राजकीय महिला महाविद्यालय अकबरपुर अम्बेडकरनगर में महिला सशक्तिकरण पर आन लाइन संगोष्ठी का हुआ आयोजन





मॉडल थाना के रूप में विकसित होगा कटका थाना

विविध

## मिशन शक्ति अभियान का आयोजन

आदित्य टाइम्स

## आत्मनिर्भर महिलाएं तथा बालिकाएं किसी समाज की उन्नति व प्रगति का आधार स्तंभ होती हैं- शेफाली सिंह



दिनाँक : 26 / 10 / 2020

# प्रगति का आधार होती हैं नारियां: प्रो. शेफाली

**अम्बेडकरनगर।** प्रदेश सरकार की ओर से महिलाओं और बालिकाओं के सुरक्षा और सम्मान के साथ महिला अपराध संबंधी कानूनों के प्रचार-प्रसार के लिए चल रहे मिशन शक्ति अभियान का समापन हुआ। बीते 17 अक्तूबर को शुरू हुए मिशन शक्ति अभियान का समापन बीते रविवार को हुआ।

अभियान के नौवें दिन रमाबाई राजकीय महिला महाविद्यालय अकबरपुर में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता कॉलेज की प्राचार्य प्रो. शेफाली सिंह ने की। संगोष्ठी का विषय लैंगिक हिंसाः रोकथाम एवं जागरूकता रहा। प्रो. शेफाली सिंह ने कहा कि शिक्षित अथवा आत्मनिर्भर महिलाएं तथा बालिकाएं किसी समाज की उन्नति व प्रगति का आधार स्तंभ होती हैं और मिशन शक्ति का उद्देश्य किसी को साकार रूप प्रदान करता है। कहा कि लड़कियों की सुरक्षा, सम्मान तथा स्वावलंबन के लिए महाविद्यालय परिवार निरंतर प्रयासरत हैं। महिलाओं को अधिक बेहतर जीवन प्रदान करने के लिए सरकार के साथ-साथ समाज को भी उनके प्रति सकारात्मक रवैया अपनाना पड़ेगा। कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर विजय लक्ष्मी यादव ने महिलाओं के प्रति होने वाले लैंगिक हिंसा के कारणों और उनके रोकथाम पर विशेष रूप से चर्चा की। महिलाओं को प्राप्त विभिन्न विधिक अधिकारों से अवगत कराया तथा प्रशासन की ओर से जारी विभिन्न नंबरों मसलन 1090, 181, 108, 112 और 100 नम्बर के बारे में छात्राओं को जानकारी दी कि छात्राएं इनका कैसे उपयोग कर सकती हैं। कहा कि महिलाओं की स्थिति में सुधार के लिए आवश्यक है कि महिलाएं स्वावलंबी हो जिसके लिए उनकी शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

दिनाँक : 26/10/2020

**आयोजन** | समाज का विकास महिलाओं के बिना अधूरा : शेफाली

# मिशन शक्ति से रुकेगी हिंसा

संदेश वाहक न्यूज़

**अम्बेडकर नगर।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं, बालिकाओं की सहभागिता, सम्मान, आत्मसुरक्षा एवं महिला अपराध संबंधी कानूनों का वृहद् प्रचार-प्रसार करने के लिए प्रदेश में संचालित किए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के नौवें दिन रमाबाई राजकीय महिला महाविद्यालय अकबरपुर में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य प्रोफेसर शेफाली सिंह ने किया।

संगोष्ठी का विषय 'लैंगिक हिंसा/रोकथाम एवं जागरूकता था। प्रोफेसर शेफाली सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षित अथवा आत्मनिर्भर महिलाएं तथा बालिकाएं किसी समाज की उन्नति व प्रगति का आधार स्तंभ होती हैं और मिशन शक्ति का उद्देश्य किसी को साकार रूप प्रदान करता है। उन्होंने यह भी कहा कि लड़कियों की सुरक्षा, सम्मान तथा स्वावलंबन को लेकर महाविद्यालय परिवार निरंतर प्रयासरत हैं। महिलाओं को अधिक बेहतर जीवन प्रदान करने के लिए सरकार के साथ-साथ समाज को भी उनके प्रति सकारात्मक रवैया अपनाना पड़ेगा। इस अवसर पर कॉलेज की राजनीति विज्ञान विभाग



छात्राओं को सम्बोधित करतीं डॉ. शेफाली।

की असिस्टेंट प्रोफेसर विजय लक्ष्मी यादव ने महिलाओं के प्रति होने वाले लैंगिक हिंसा के कारणों और उनके रोकथाम पर विशेष रूप से चर्चा की, इस कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं को प्राप्त विभिन्न विधिक अधिकारों से अवगत कराया गया तथा प्रशासन की ओर से जारी विभिन्न नंबरों के बारे में छात्राओं को जानकारी दी गई।

साथ ही साथ उनमें आत्म सम्मान की भावना भी जागृत करना अत्यंत आवश्यक है, जिससे वह स्वयं का सम्मान कर सकें और अपनी स्थिति में सुधार कर सकें। किसी भी समाज का विकास महिलाओं के बिना अधूरा है अत: राष्ट्र की उन्नति के लिए महिलाओं की स्थिति में सुधार होना अपरिहार्य है।

दिनाँक : 29/10/2020

**स्वाभिमान राष्ट्र** (हिन्दी साप्ताहिक) अम्बेडकरनगर, गुरुवार, 29

# लैंगिक हिंसा रोकथाम एवं जागरूकता विषय पर की गई संगोष्ठी


अम्बेडकरनगर। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं/बालिकाओं की सहभागिता, सम्मान, आत्म सुरक्षा, पोक्सो एक्ट एवं महिला अपराध संबंधी कानूनों का वृहद् प्रचार-प्रसार करने के लिए प्रदेश में संचालित किए जा रहे "मिशन शक्ति अभियान" कार्यक्रम (दिनांक-17/10/2020- दिनांक-25/10/2020 तक) के अंतर्गत आज नवे दिन रमाबाई राजकीय महिला महाविद्यालय अकबरपुर,अंबेडकर नगर में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया ,जिसकी अध्यक्षता कॉलेज की प्राचार्य प्रोफेसर शेफाली सिंह ने की। संगोष्ठी का विषय "लैंगिक हिंसा/रोकथाम एवं जागरूकता" था। प्रोफेसर शेफाली सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षित अथवा आत्मनिर्भर महिलाएं तथा बालिकाएं किसी समाज की उन्नति व प्रगति का आधार स्तंभ होती हैं और मिशन शक्ति का उद्देश्य किसी को साकार रूप प्रदान करता है। उन्होंने यह भी कहा कि लड़कियों की सुरक्षा, सम्मान तथा स्वावलंबन को लेकर महाविद्यालय परिवार निरंतर प्रयासरत है।महिलाओं को अधिक बेहतर जीवन प्रदान करने के लिए सरकार के साथ-साथ समाज को भी उनके प्रति सकारात्मक रवैया अपनाना पड़ेगा।

इस अवसर पर कॉलेज की राजनीति विज्ञान विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर श्रीमती विजय लक्ष्मी यादव ने महिलाओं के प्रति होने वाले लैंगिक हिंसा के कारणों और उनके रोकथाम पर विशेष रूप से चर्चा की,इस कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं को प्राप्त विभिन्न विधिक अधिकारों से अवगत कराया गया तथा प्रशासन की ओर से जारी विभिन्न नंबरों जैसे1090,181,108,112,100 आदि के बारे में छात्राओं को जानकारी दी गई और यह भी बताया गया कि छात्राओं द्वारा उनका किस प्रकार से उपयोग किया जाए।लैंगिक हिंसा की रोकथाम के लिए आवश्यक है कि महिलाओं के प्रति समाज की सोच में परिवर्तन किया जाए जिसके लिए व्यक्तिगत स्तर के साथ साथ प्रशासन द्वारा चलाए जाने वाले कार्यक्रमों में महिलाओं की सहभागिता सुनिश्चित की जाए और महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाए।

महिलाओं की स्थिति में सुधार के लिए आवश्यक है कि महिलाएं स्वावलंबी हो जिसके लिए उनकी शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। साथ ही साथ उनमें आत्म सम्मान की भावना भी जागृत करना अत्यंत आवश्यक है, जिससे वह स्वयं का सम्मान कर सकें और अपनी स्थिति में सुधार कर सकें। किसी भी समाज का विकास महिलाओं के बिना अधूरा है अतः राष्ट्र की उन्नति के लिए महिलाओं की स्थिति में सुधार होना अपरिहार्य है।इस अवसर पर महाविद्यालय के मुख्य शास्ता डॉ अरविंद कुमार वर्मा ,डॉ अतुल कुमार कनौजिया, रवींद्र कुमार वर्मा, डॉ सुधा, कुँवर संजय भारती ,डॉ मनोज गुप्ता, डॉ अखिलेंद्र प्रताप सिंह ,डॉ नंदन सिंह ,डा अजीत प्रताप सिंह , डॉ राजेश कुमार, डॉ महेंद्र यादव डॉ बी पी सिंह राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी डॉ राजेश यादव, डॉ सीमा यादव, श्री चंद्रभान, श्रीमती संगीता, सुश्री सीता पांडेय, डॉ पूनम, श्री आनंद कुमार व महाविद्यालय की छात्राएं आदि उपस्थित रहे।

## बसपा नेता का शव पहुंचा पैतृक गांव, मचा कोहराम

अंबेडकरनगर। पूर्व जिपं अध्यक्ष सुधा वर्मा के पति तथा बसपा नेता अशोक कुमार वर्मा की सुबह अयोध्या जिले में सड़क दुर्घटना में मौत हो



लेने के लिए गाड़ी से उतरकर खड़े थे। इसी बीच पीछे से आ रहे डीसीएम ने उन्हें टक्कर मार दी। घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। शाम को शव उनके पैतृक गांव दिलावलपुर पहुंचा तो कोहराम मच गया। भीटी बाजार स्थित उनके निजी कालेज

दिनाँक : 31 / 10 / 2020

## रमाबाई में 20 नवम्बर तक होगा एमए में प्रवेश

**अम्बेडकरनगर।** रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर में एमए प्रथम वर्ष की प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। गृह विज्ञान, हिन्दी, समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान एवं मध्यकालीन इतिहास विषयों में प्रवेश 20 नवम्बर तक होगा। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. शेफाली सिंह ने बताया कि प्रवेश फार्मों का वितरण किया जा रहा है। प्रवेश सम्बंधित जानकारी महाविद्यालय के कार्यालय से सम्पर्क करके प्राप्त की जा सकती है। प्राचार्या ने बताया कि महाविद्यालय में छात्राओं को प्रवेश वरीयता सूची के आधार पर ही दिया जाएगा।

दिनाँक : 01 / 11 / 2020

## रमाबाई के स्थापना काल के लिपिक सेवानिवृत्त

**अम्बेडकरनगर।** रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर के वरिष्ठ लिपिक अनिल कुमार श्रीवास्तव शनिवार को सेवानिवृत हो गए। उन्होंने उच्च राजकीय शिक्षा परिषद में 32 साल सेवा की। महाविद्यालय परिसर में समारोह पूर्वक विदाई दी गई।

अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. शेफाली सिंह ने किया और सेवानिवृत लिपिक अनिल कुमार श्रीवास्तव को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। प्रो. शेफाली सिंह ने कहा कि सेवानिवृत होना नौकरी में आने वाले सभी के जीवन का एक हिस्सा है। कर्तव्यनिष्ठा के साथ सेवा पूरी करना बेहद प्रसन्नता की अनुभूति कराता है।

दिनाँक : 07 / 11 / 2020 हिन्दुस्तान

# निडरता से करें घरेलू हिंसा अधिनियम का प्रयोग

**संगोष्ठी**

अम्बेडकरनगर | हिन्दुस्तान संवाद

**अम्बेडकरनगर।** रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर में शुक्रवार को संगोष्ठी का आयोजन हुआ।

मिशन शक्ति के तहत घरेलू हिंसा अधिनियम-2005 विषयक आयोजित संगोष्ठी की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. शेफाली सिंह ने किया। संगोष्ठी में काउंसिलिंग कर घरेलू हिंसा के प्रति छात्राओं को जागरूक भी किया गया। प्राचार्य प्रो.शेफाली सिंह ने छात्राओं को अपने अधिकारों को जानने और दसका क्रियान्वयन करने के लिए प्रेरित किया। कहा कि अधिकारों का उपयोग कर अपने जीवन को बेहतर बनाना चाहिए। निडरता से घरेलू हिंसा अधिनियम का प्रयोग करने की अपील करते हुए कहा कि अधिनियम उन्हीं के लिए बना है। छात्राओं को सचेत करते हुए कहा कि हिंसा को सहना भी अपराध है।

संगोष्ठी का संचालन डा. सुधा ने किया। राजनीति विज्ञान की असिस्टेंट प्रोफेसर विजयलक्ष्मी यादव ने घरेलू हिंसा अधिनियम 2005 के प्रावधानों की जानकारी दी तथा छात्राओं की काउंसलिंग कर उन्हें प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डा. अरविंद कुमार वर्मा, डा. पूनम, डा. राजेश कुमार यादव, डा. अतुल कुमार कन्नौजिया, सीता पांडेय, वालेंटिना प्रिया आदि उपस्थित रहे।

दिनाँक : 14 / 11 / 2020 हिन्दुस्तान

## जिलाधिकारी ने अपने अधीनस्थों को दिए आवश्यक निर्देश

# कौमी एकता सप्ताह 19 से शुरू

**बैठक**

अम्बेडकरनगर | हिन्दुस्तान संवाद

कौमी एकता सप्ताह आगमी 19 से 25 नवम्बर तक मनाया जाएगा। सप्ताह कार्यक्रम मनाने के संबंध में जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कोविड-19 महामारी के प्रोटोकाल के अनुपालन में कौमी एकता सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन सुनिश्चित किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी 19 नवम्बर राष्ट्रीय अखंडता दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर सभी कार्यालय अध्यक्ष अपने कार्यालयों में पूर्वान्ह 11 बजे राष्ट्रीय अखंडता शपथ ग्रहण कर धर्मनिरपेक्षता व अहिंसा विषय पर गोष्ठी का आयोजन करेंगे। उन्होंने कहा कि 20 नवम्बर अल्पसंख्यक कल्याण दिवस के रूप में मनाया जाएगा।

पूर्वान्ह 10 बजे जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी टांडा व अकबरपुर में प्रधानमंत्री के पन्द्रह सूत्री अल्पसंख्यकों के कार्यक्रम पर लोगों को जागरूक करेंगे। 21 नवम्बर भाषाई सद्भावना दिवस के रूप में मनाया जाएगा। जिला विद्यालय निरीक्षक, विद्यालय के प्रधानाचार्य जीजीआइसी व बीएनकेबी डिग्री कालेज में कवि सम्मेलन का आयोजन करना सुनिश्चित करेंगे। 22 नवम्बर को समस्त एसडीएम, बीडीओ व समाज कल्याण अधिकारी विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों के तहत कमजोर वर्गों के लोगों को लाभान्वित करने वाली योजनाओं का रैली के माध्यम से प्रचार प्रसार करेंगे। 23 नवम्बर को रमाबाई डिग्री कालेज व जीजीआईसी में महिलाओं के महत्व और राष्ट्रीय निर्माण में उनकी भूमिका उजागर किए जाने के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 25 नवम्बर [illegible] दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर [illegible] जागरूकता समारोह का आयोजन किया जाएगा। बैठक में सीडीओ घनश्याम मीणा, डीडीओ वीरेन्द्र सिंह, डीआईओएस विनोद कुमार सिंह व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र

दिनाँक : 19 / 11 / 2020 हिन्दुस्तान

# महिलाएं सुधार सकती हैं जीवन स्तर

**मिशन शक्ति**

**अम्बेडकरनगर | हिन्दुस्तान संवाद**

रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर में बुधवार को मिशन शक्ति के तहत कार्यक्रम और शपथ ग्रहण का समारोह आयोजित हुआ।

महिला सुरक्षा, सम्मान तथा स्वावलम्बन विषयक संगोष्ठी का भी आयोजन हुआ। अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. शेफाली सिंह ने किया। संगोष्ठी में प्रो. शेफाली सिंह ने कहा कि भारत में महिलाएं संपूर्ण आबादी का लगभग 50 प्रतिशत हैं परंतु उन्हें दोयम दर्जे की स्थिति प्राप्त है।

महिलाओं के संदर्भ में केंद्र तथा राज्य सरकार की ओर से चलाई गई तमाम योजनाओं का उद्देश्य महिलाओं और लड़कियों के जीवन स्तर में सुधार लाना है। कहा कि मिशन शक्ति का उद्देश्य भी लड़कियों तथा महिलाओं को योजनाओं के परिप्रेक्ष्य में जागरूक करना है, जिससे वे उसका लाभ प्राप्त कर सकें। संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए सीता पाण्डेय ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना महिलाओं के लिए बहुत ही सार्थक योजना सिद्ध हुई है। उन्होंने योजना का लाभ कब-कब प्राप्त किए जा सकता है और कौन-कौन इसका लाभार्थी हो सकता है के बाबत विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम की संयोजक सह आचार्य हिन्दी विभाग डा. सुधा ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की और बताया कि बालिकाओं को जागृत करने के साथ-साथ उनकी प्रत्येक समस्या का समाधान करने का प्रयास महाविद्यालय परिवार निरंतर कर रहा है। उन्होंने बताया कि कौमी एकता सप्ताह जो गुरुवार से शुरू होगा से 25 नवंबर तक मनाया जाना है के संदर्भ में छात्राओं को जानकारी दी। संगोष्ठी में डा. विश्वनाथ द्विवेदी, डा. अरुणकांत गौतम, डा अरविंद कुमार वर्मा, डा. सीमा यादव, डा. पूनम, डा. मनोज गुप्ता, डा. नंदन सिंह, डा. अखिलेन्द्र, संजय भारती, वालेंटिना प्रिया, डा. चंद्रभान, रवीन्द्र वर्मा, डा. अतुल कनौजिया, आनंद कुमार मौजूद रहे।

दिनाँक : 21 / 11 / 2020 हिन्दुस्तान



माबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित

# पोस्टर प्रतियोगिता में अंकिता यशी और साक्षी अव्वल रहीं

**अम्बेडकरनगर | हिसं**

कौमी एकता सप्ताह के दूसरे दिन भी विविध आयोजन हुए। इसी कड़ी में रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर में कौमी एकता पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित हुई। कौमी एकता पर आयोजित हुई पोस्टर प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्रों ने अपने विचार उकेरा। बाद में गैलरी में पोस्टर की प्रदर्शनी भी लगी।

कौमी एकता सप्ताह के तहत शुक्रवार को कौमी एकता विषयक पोस्टर प्रतियोगिता में छात्राओं ने गर्मजोशी से प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में छात्रा अंकिता वर्मा ने प्रथम, यशी सैनी ने द्वितीय और साक्षी दूबे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्या प्रो. शेफाली सिंह ने पोस्टरों का अवलोकन किया और छात्राओं का मार्गदर्शन किया। इसके पूर्व छात्राओं को कौमी एकता की शपथ भी दिलाई गई। इस मौके पर महाविद्यालय के सभी प्रवक्ता भी मौजूद रहे।

दिनाँक : 21 / 11 / 2020

ayodhyasamachar.com/single

जो दिखा वही लिखा
अयोध्या समाचार
Regd. No.- 1224/14-15



# कौमी एकता पखवाड़ा के तहत लेखन प्रतियोगिता आयोजित

Article ID: 47217



Photo Caption: *लेखन प्रतियोगिता में प्रतिभाग करती छात्राएं* :: Photo Grapher : *Ayodhya Samachar*

अंबेडकर नगर, 21 नवंबर । रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर में कौमी एकता पखवाड़ा के अंतर्गत तीसरे दिन 21 नवम्बर को राष्ट्रीय सेवा योजना रेंजर्स और यूथ रेड क्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय सभागार में नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया जिसके तहत छात्राओं ने अपने विचारों को कौमी एकता के संदर्भ में उकेरा। इस अवसर पर महाविद्यालय की संरक्षक/ प्राचार्य प्रोफेसर शेफाली सिंह, डॉ अरविंद कुमार वर्मा, डॉ सुधा, डॉ सीमा यादव, डॉ अतुल कुमार कनौजिया, रवीन्द्र कुमार वर्मा, आनन्द कुमार, सीता पाण्डेय, डॉ राजेश यादव, डॉ महेन्द्र यादव, चन्द्रभान, श्रीमती वालेन्तिना प्रिया आदि सहित समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

दिनाँक : 22 / 11 / 2020 हिन्दुस्तान

## रमाबाई में नारा लेखन पर प्रतियोगिता हुई

**अम्बेडकरनगर।** कौमी एकता सप्ताह में विविध आयोजन हो रहे हैं। सप्ताह के तीसरे दिन भी कई आयोजन हुए। इसी कड़ी में शनिवार को रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर में कौमी एकता पर नारा प्रतियोगिता आयोजित हुई। राष्ट्रीय सेवा योजना रेंजर्स और यूथ रेड क्रॉस सोसायटी के संयुक्त आयोजन में हुई नारा लेखन प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग लिया। साथ ही कौमी एकता के संदर्भ में अपने विचारों को उकेरा। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. शेफाली सिंह ने छात्राओं का उत्साह वर्धन किया। इस मौके पर डा. अरविंद कुमार वर्मा, डा. सुधा, डा. सीमा यादव, डा. अतुल कुमार कन्नौजिया, रवीन्द्र कुमार वर्मा, आनन्द कुमार, सीता पाण्डेय, डा. राजेश यादव, डा. महेन्द्र यादव, चंद्रभान, वालेन्तिना प्रिया समेत का स्टाफ मौजूद रहा।

दिनाँक : 22 / 11 / 2020 अमर उजाला

## नारा लेखन प्रतियोगिता की गई आयोजित

**अम्बेडकर नगर।** रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर में कौमी एकता पखवाड़ा के अंतर्गत शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना रेंजर्स और यूथ रेड क्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय सभागार में नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। जिसके तहत छात्राओं ने अपने विचारों को कौमी एकता के संदर्भ में उकेरा। इस अवसर पर महाविद्यालय की संरक्षक / प्राचार्य प्रोफेसर शेफाली सिंह, डॉ अरविंद कुमार वर्मा, डॉ सुधा, डॉ सीमा यादव, डॉ अतुल कुमार कनौजिया, रवीन्द्र कुमार वर्मा, आनन्द कुमार, सीता पाण्डेय, डॉ राजेश यादव, डॉ महेन्द्र यादव, चन्द्रभान, श्रीमती वालेन्तिना प्रिया आदि सहित समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

दिनाँक : 23/11/2020

जो दिखा वही लिखा
अयोध्या समाचार
Regd. No.- 1224/14-15



# रमाबाई मे नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

Article ID: 47272



Photo Caption: *नाटक में भाग लेतीं छात्राएं* :: Photo Grapher : *Ayodhya Samachar*

अम्बेडकर नगर, 22 नवंबर। रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर में कौमी एकता सप्ताह के अंतर्गत सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना रेंजर्स और यूथ रेड क्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय में नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें यशी सैनी एंड ग्रुप ने प्रथम तथा ममता एंड ग्रुप ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय की संरक्षक,प्राचार्य प्रोफेसर शेफाली सिंह द्वारा छात्राओं को नुक्कड़ नाटक के महत्त्व एवं प्रस्तुति के सन्दर्भ में जानकारी दी गई। इस अवसर पर डॉ अरविंद कुमार वर्मा, डॉ सुधा, डॉ शाहिद परवेज, डॉ सीमा यादव, श्रीमती विजय लक्ष्मी यादव, रवीन्द्र कुमार वर्मा, आनन्द कुमार, सुश्री सीता पाण्डेय, डॉ राजेश यादव, डॉ महेन्द्र यादव, चन्द्रभान आदि सहित समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

दिनाँक : 24 / 11 / 2020 हिन्दुस्तान

# नुक्कड़ नाटक में यशी सैनी ग्रुप को प्रथम स्थान

अम्बेडकरनगर| हिन्दुस्तान संवाद

कौमी एकता सप्ताह के तहत रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर में प्रतिदिन सौहार्द के आयोजन हो रहे हैं। इसी कड़ी में सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना और रेंजर्स एवं यूथ रेड क्रॉस सोसायटी ने संयुक्त रूप से नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया।

महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. शेफाली सिंह के निर्देशन में प्रतियोगिता में छात्राओं ने सौहार्द कायम रखने का संदेश दिया। राजकीय महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. शेफाली सिंह ने छात्राओं ने कहा कि अपने विचार को जन जन तक सहजता से पहुंचाने का सशक्त माध्यम नुक्कड़ नाटक होता है। कहा कि नुक्कड़ नाटक समाज में जागरुकता फैलाने का उत्तम माध्यम है। नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में यशी सैनी ग्रुप का प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। वहीं ममता ग्रुप ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर महाविद्यालय के डा. अरविंद कुमार वर्मा, डा. सुधा, डा. सीमा यादव, विजय लक्ष्मी यादव, रवीन्द्र कुमार वर्मा, आनन्द कुमार, सीता पाण्डेय, डा. राजेश यादव, डा. महेन्द्र यादव, चन्द्रभान व अन्य मौजूद रहे।

दिनाँक : 25/11/2020 सिटी अपडेट न्यूज



EDUCATION

# _अंबेडकर नगर अकबर पुर रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर, अम्बेडकर नगर में कौमी एकता सप्ताह के अंतर्गत राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका विषय पर संगोष्ठी का आयोजन कि�

Nov 24, 2020 | Onkar nath Singh

_अंबेडकर नगर अकबर पुर रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर, अम्बेडकर नगर में कौमी एकता सप्ताह के अंतर्गत राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका विषय पर संगोष्ठी��का आयोजन किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता��महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. शेफाली सिंह ने की। कार्यक्रम में अतिथि��के रुप में महिला कल्याण अधिकारी शालिनी ओझा एवं मिशन शक्ति की��जिला समन्वयक गायत्री सिंह ने मिशन शक्ति कार्यक्रम पर विस्तार से प्रकाश डाला। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो शेफाली सिंह ने��अतिथि एवं सभी��प्रतिभागियो, विद्वत जनों��का स्वागत किया और��राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका पर बात करते हुए कहा कि��महिलाएं उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपने अधिकारों को सुरक्षित करें तभी वह आत्मनिर्भर होकर राष्ट्र निर्माण में महती भूमिका निभा सकेंगी।
�
इस अवसर पर डॉ अरविंद कुमार वर्मा ने��स्त्री पुरुष को एक दूसरे का पूरक बताते हुए कहा कि जिस स्तर पर भी भेद है उसे दूर करके ही राष्ट्र निर्माण��गति मिलेगी। डॉ अखिलेन्द्र प्रताप सिंह ने वक्ता के रूप में बात रखते हुए महिलाओं के अधिकारों की के क्रियान्वयन पर बल दिया साथ ही महिला शिक्षा को सर्वोपरि माना। इस अवसर पर��सीता पांडेय ने बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन, महिला अपराध सम्बन्धी कानूनों के सरलीकरण हेतु�अपनाए गए उपायो पर चर्चा की। बतौर वक्ता चंद्रभान असिस्टेंट प्रोफेसर राजनीति विज्ञान ने��कहा महिलाओं की��राजनीतिक, सामाजिक ,आर्थिक शक्ति में वृद्धि करना ही महिला सशक्तिकरण है।
गायत्री सिंह ने कहा 21वीं सदी नारी जीवन में सुखद संभावनाओं की सदी है।महिलाएं हर क्षेत्र में आगे आने लगी है ।आज की नारी अब जागृत और सक्रिय हो चुकी है।किसी ने बहुत अच्छी बात कही है नारी जब अपने ऊपर थोपी हुई��बेड़ियों एवं कड़ियों को तोड़ने लगेगी तो विश्व की कोई शक्ति उसे रोक नहीं पाएगी । शालिनी ओझा ने कहा वर्तमान में नारी ने��पुरुषवादी बेड़ियों को तोड़ना शुरू कर दिया है, यह एक सुखद संकेत है। लोगों की सोच सोच बदल रही है,फिर भी इस दिशा में और भी अधिक प्रयास करने की जरूरत है।��संगोष्ठी का संचालन डॉ सीमा यादव ने किया।
इस अवसर पर महाविद्यालय के��डॉ विश्वनाथ द्विवेदी डॉ सुधा रवींद्र कुमार वर्मा ,डॉ शाहिद परवेज, कुंवर संजय भारती ,डॉ मनोज गुप्ता,��,डॉ नंदन सिंह ,डा अजीत प्रताप सिंह , डॉ महेंद्र यादव ,राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी डॉ राकेश यादव, डॉ�श्रीमती संगीता ,श्रीमती विजयलक्ष्मी यादव, डॉ पूनम आदि उपस्थित थे।ओंकार नाथ सिंह रिपोर्टर उत्तर प्रदेश_

दिनाँक : 25/11/2020 आदित्य न्यूज

हिन्दी दैनिक
आदित्य टाइम्स

# रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में किया गया संगोष्ठी का आयोजन

अम्बेडकरनगर । रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर, अम्बेडकर नगर में कौमी एकता सप्ताह के अंतर्गत राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. शेफाली सिंह ने की। कार्यक्रम में अतिथि के रुप में महिला कल्याण अधिकारी शालिनी ओझा एवं



मिशन शक्ति की जिला समन्वयक गायत्री सिंह ने मिशन शक्ति कार्यक्रम पर विस्तार से प्रकाश डाला। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो शेफाली सिंह ने अतिथि एवं सभी प्रतिभागियों, विद्वत जनों का स्वागत किया और राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका पर बात करते हुए कहा कि महिलाएं उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपने अधिकारों को सुरक्षित करें तभी वह आत्मनिर्भर होकर राष्ट्र निर्माण में महती भूमिका निभा सकेंगी।

इस अवसर पर डॉ अरविंद कुमार वर्मा ने स्त्री पुरुष को एक दूसरे का पूरक बताते हुए कहा कि जिस स्तर पर भी भेद है उसे दूर करके ही राष्ट्र निर्माण गति मिलेगी। डॉ अखिलेन्द्र प्रताप सिंह ने वक्ता के रूप में बात रखते हुए महिलाओं के अधिकारों की के क्रियान्वयन पर बल दिया साथ ही महिला शिक्षा को सर्वोपरि माना। इस अवसर पर सीता पांडेय ने बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन, महिला अपराध सम्बन्धी कानूनों के सरलीकरण हेतु अपनाए गए उपायों पर चर्चा की। बतौर वक्ता चंद्रभान असिस्टेंट प्रोफेसर राजनीति विज्ञान ने कहा महिलाओं की राजनीतिक, सामाजिक ,आर्थिक शक्ति में वृद्धि करना ही महिला सशक्तिकरण है।

गायत्री सिंह ने कहा 21वीं सदी नारी जीवन में सुखद सम्भावनाओं की सदी है।महिलाएं हर क्षेत्र में आगे आने लगी है ।आज की नारी अब जागृत और सक्रिय हो चुकी है।किसी ने बहुत अच्छी बात कही है नारी जब अपने ऊपर थोपी हुई बेड़ियों एवं कड़ियों को तोड़ने लगेगी तो विश्व की कोई शक्ति उसे रोक नहीं पाएगी । शालिनी ओझा ने कहा वर्तमान में नारी ने पुरुषवादी बेड़ियों को तोड़ना शुरू कर दिया है यह एक सुखद संकेत है। लोगों की सोच सोच बदल रही है.फिर भी इस दिशा में और भी अधिक प्रयास करने की जरूरत है। संगोष्ठी का संचालन डॉ सीमा यादव ने किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ विश्वनाथ द्विवेदी डॉ सुधा रवींद्र कुमार वर्मा ,डॉ शाहिद परवेज, कुंवर संजय भारती ,डॉ मनोज गुप्ता, डॉ नंदन सिंह ,डा अजीत प्रताप सिंह , डॉ महेंद्र यादव ,राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी डॉ राजेश यादव, डॉ श्रीमती संगीता ,श्रीमती विजयलक्ष्मी यादव, डॉ पूनम आदि उपस्थित थे।

दिनाँक : 25/11/2020 संवाद न्यूज

# महिलाओं के सशक्तिकरण से तय होगा विकास

## रमाबाई महाविद्यालय में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

संवाद न्यूज एजेंसी

**अंबेडकरनगर।** रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अकबरपुर में कौमी एकता सप्ताह के तहत राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका विषय पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ। अतिथि के तौर पर महिला कल्याण अधिकारी शालिनी ओझा व मिशन शक्ति की जिला समन्वयक गायत्री सिंह ने मिशन शक्ति के कार्यक्रम पर विस्तार से प्रकाश डाला।

महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. शेफाली सिंह ने राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका पर बात करते हुए कहा कि महिलाएं उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपने अधिकारों को सुरक्षित करें तभी आत्मनिर्भर होकर राष्ट्र निर्माण में भूमिका निभा सकेंगी। इस अवसर पर डॉ. अरविंद कुमार वर्मा ने स्त्री-पुरुष को एक-दूसरे

### महिलाओं को उच्च शिक्षा के लिए किया गया प्रेरित

का पूरक बताया। डॉ. अखिलेंद्र प्रताप सिंह ने महिलाओं के अधिकारों के क्रियान्वयन पर बल दिया। साथ ही महिला शिक्षा को सर्वोपरि माना। इस अवसर पर सीता पांडेय ने बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन, महिला अपराध संबंधी कानूनों के सरलीकरण के लिए अपनाए गए उपायों पर चर्चा की। बतौर वक्ता चंद्रभान ने कहा महिलाओं की राजनीतिक, सामाजिक व आर्थिक शक्ति में वृद्धि करना ही महिला सशक्तिकरण है। संगोष्ठी का संचालन डॉ. सीमा यादव ने किया। इस मौके पर डॉ. विश्वनाथ द्विवेदी, डॉ. सुधा, रवींद्र कुमार वर्मा, डॉ. शाहिद परवेज, कुंवर संजय भारती, डॉ. मनोज गुप्ता, डॉ. नंदन, डॉ. पूनम आदि मौजूद रहे।

दिनाँक : 25/11/2020 हिन्दुस्तान

# राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका अहम: शेफाली

**अम्बेडकरनगर।** कौमी एकता सप्ताह के तहत मंगलवार को रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर में संगोष्ठी हुई। राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका विषयक संगोष्ठी की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. शेफाली सिंह ने किया। अतिथि के रुप में महिला कल्याण अधिकारी शालिनी ओझा एवं मिशन शक्ति की जिला समन्वयक गायत्री सिंह मौजूद रहीं।

मिशन शक्ति की जिला समन्वयक गायत्री सिंह ने मिशन शक्ति कार्यक्रम के बाबत विस्तार से जानकारी दी। प्राचार्य प्रो. शेफाली सिंह ने सभी का स्वागत किया और कहा कि राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की महती भूमिका है। कहा कि महिलाएं उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपने अधिकारों को सुरक्षित करें, तभी वह आत्मनिर्भर होकर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभा सकेंगी।

दिनाँक : 26/11/2020 हिन्दुस्तान

# कविता लेखन प्रतियोगिता में अंजू पटेल अव्वल

**कौमी एकता सप्ताह**

**अम्बेडकरनगर | हिन्दुस्तान संवाद**

कौमी एकता सप्ताह का बुधवार को समापन हुआ। शासन के निर्देश के क्रम में कौमी सप्ताह के तहत रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर में हर दिन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसी कड़ी में अंतिम दिन कविता लेखन प्रतियोगिता आयोजित हुई।

राष्ट्रीय सेवा योजना और रेंजर्स एवं यूथ रेडक्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कविता लेखन प्रतियोगिता में अंजू पटेल को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। वहीं सपना मिश्रा को द्वितीय स्थान और तृतीय स्थान बरखा यादव ने प्राप्त किया। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. शेफाली सिंह ने छात्राओं को इस प्रकार के आयोजनों में बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग करने की अपील की। निर्णायक की भूमिका डा. विश्वनाथ द्विवेदी, डा. नंदन सिंह और आनंद कुमार ने निभाई। इस मौके पर डा. अरविंद कुमार वर्मा, डा. सुधा, डा. सीमा यादव, डा. अखिलेन्द्र प्रताप सिंह, विजयलक्ष्मी यादव, रवीन्द्र कुमार वर्मा, आनन्द कुमार, सीता पाण्डेय, डा. राजेश यादव, डा. महेन्द्र यादव, चन्द्रभान मौजूद रहे।

**मदरसा में सामाजिक सौहार्द पर हुई संगोष्ठी:** कौमी एकता सप्ताह के तहत मदरसा हिंद शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान शेखपुर किछौछा में कौमी एकता सप्ताह का आयोजन हुआ। विभिन्न कार्यक्रमों के साथ विचार गोष्ठी आयोजित हुई। प्रबंधक मिर्जा जैगम अली ने प्रधानमंत्री के 15 सूत्री कार्यक्रमों के साथ अल्पसंख्यकों के अधिकार एवं कर्तव्यों की जानकारी दी। गोष्ठी में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला महामंत्री एसएम शब्बू ने भी विचार व्यक्त किया। कहा कि असामाजिक तत्वों से समाज को खतरा है।

दिनाँक : 26/11/2020 संवाद न्यूज

# कविता लेखन में अंजू प्रथम और सपना दूसरे स्थान पर

## कौमी एकता सप्ताह के उपलक्ष्य में हुआ कार्यक्रम

**संवाद न्यूज एजेंसी**

अंबेडकरनगर। अकबरपुर नगर के रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कौमी एकता सप्ताह अन्तर्गत बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना, रेंजर्स एवं यूथ रेड क्रास सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में कविता लेखन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। छात्राओं ने इसमें बेहतर प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में अंजू पटेल को प्रथम जबकि सपना मिश्रा को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। वक्ताओं ने छात्राओं की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों में बढ़ चढ़कर भागीदारी करना चाहिए।

गौरतलब है कि रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में इन दिनों कौमी एकता सप्ताह का आयोजन चल रहा है। इसी क्रम में बुधवार को कविता लेखन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए कविताओं के माध्यम से अपनी अपनी कला को प्रस्तुत किया।

निर्णायक मंडल द्वारा दिए गए निर्णय के आधार पर अंजू पटेल को प्रथम, सपना मिश्रा को द्वितीय, जबकि

**रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हुआ आयोजन**

बरखा यादव को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। प्राचार्या प्रो. शेफाली सिंह ने छात्राओं का मनोबल बढ़ाया।

कहा कि ऐसे आयोजन व्यक्तित्व निर्माण में बेहद कारगर होते हैं। इस लिहाज से छात्राओं को ऐसे आयोजनों में बढ़ चढ़कर हिस्सेदारी करना चाहिए। डॉ. सुधा ने कहा कि शिक्षा के साथ साथ छात्राओं को सामाजिक दायित्वों के प्रति भी गंभीर होने की जरूरत है। यदि कहीं नियमों के विरुद्ध कार्य हो रहा हो तो उसका डटकर विरोध करना चाहिए। वक्ताओं ने कहा ऐसी प्रतियोगिताएं छात्राओं के मनोबल को दोगुना करती हैं।

क्योंकि उन्हें ऐसे मंच से अपनी काबलियत को सभी के समक्ष दिखाने का अवसर मिलता है। साथ ही उनका मनोबल भी बढ़ता है। निर्णायक की भूमिका में डॉ. विश्वनाथ द्विवेदी, डॉ. नंदन सिंह व आनंद कुमार ने निभाया। इस मौके पर डॉ. सीमा यादव, डॉ. अखिलेंद्र प्रताप सिंह, विजय लक्ष्मी यादव आदि मौजूद रहे।

दिनाँक : 2/12/2020 संवाद न्यूज

# रैली से दिया एड्स के प्रति जागरूकता का संदेश

## विश्व एड्स दिवस पर जिले में जगह-जगह हुए आयोजनों में सभी को किया गया सचेत

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबेडकरनगर। विश्व एड्स दिवस पर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में गोष्ठी का आयोजन कर जागरूकता का संदेश दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि पर्याप्त एहतियात बरतकर एड्स जैसी घातक बीमारी से बचा जा सकता है। कई जगह नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता की अलख जगाई गई तो कुछ जगहों पर प्रदर्शनी आदि के जरिए एड्स जागरूकता का संदेश दिया गया।

अकबरपुर नगर के रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना, रेंजर्स व यूथ रेडक्रास सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में एड्स जागरूकता अभियान चला। इसमें नागरिकों को नुक्कड़ नाटक व संगोष्ठी के माध्यम से जागरूक किया गया। अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. शेफाली सिंह ने की। जागरूकता हेतु नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन काजी मैनी, पारुल यादव, नीतू भारती, लक्ष्मी, ज्योति प्रजापति, अनीषा



अंबेडकरनगर के रमाबाई महाविद्यालय में नुक्कड़ नाटक करतीं छात्राएं।

यादव, श्वेता शर्मा, कवीता व सीमा ने किया। इस मौके पर डॉ. सीमा यादव, डॉ. सुधा, डॉ. अरुणकांत गौतम, डॉ. अखिलेंद्र प्रताप सिंह, डॉ. मनोज गुप्ता, डॉ. नंदन सिंह, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. महेंद्र यादव, चंद्रभान, आनंद कुमार, सविता पाण्डेय, संगीता, विजयलक्ष्मी आदि मौजूद रहे। संत द्वारिका गोजी कॉलेज में पोस्टर प्रदर्शनी, संगोष्ठी व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से एड्स के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया गया। वक्ताओं ने एचआईवी खतरे के प्रति सावधानियां बरतने की सलाह दी। इस मौके पर प्रबंधक डॉ. हरीश वर्मा समेत सभी शिक्षक मौजूद रहे। इसी क्रम में महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय मदरहपुर में विश्व एड्स दिवस के मौके पर रैली निकालकर लोगों को एड्स के विषय में जागरूक किया गया। रैली को प्राचार्य डॉ. अंजू पांडे ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली कैलीपुर, हरिदासपुर, तेजापुर से होकर मदरहपुर वापस आई। बाद में महाविद्यालय परिसर में आयोजित संगोष्ठी में प्राचार्य ने कहा कि एड्स जानलेवा बीमारी जरूर है पर उचित रहन-सहन और जागरूकता ही इसके बचाव का सबसे कारगर माध्यम है।

इस मौके पर वीरेंद्र कुमार पांडे, डॉ. संगीता पटेल, डॉ. सुभाष वर्मा, डॉ. अलका शुक्ला आदि मौजूद रहीं। जनशिक्षण संस्थान ने स्वास्थ्य उपकेंद्र पियारेपुर में आयोजित गोष्ठी में कार्यक्रमाधिकारी चेतन सक्सेना ने कहा कि पर्याप्त जागरूकता बरतकर एड्स से बचा जा सकता है। एएनएम सुषमा रानी ने महिलाओं को एड्स के खतरों व बचाव के तौर तरीकों की जानकारी दी। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान खुशीराम, शंभूलाल मौर्य, देवेश कुमार मिश्र, संध्या यादव, राकेश शर्मा, नीरज दुबे आदि मौजूद रहे।

दिनाँक : 15 / 12 / 2020 हिन्दुस्तान

# मेहंदी प्रतियोगिता में सहिला अव्वल

**अम्बेडकरनगर।** रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से सोमवार को मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता का विषय मतदाता जागरूकता रहा। प्रतियोगिता के जरिए युवा वर्ग को वोटर बनने और मतदान अवश्य करने का संदेश दिया गया।



रमाबाई महिला महाविद्यालय में सोमवार को मेहंदी प्रतियोगिता में शामिल छात्राएं

मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर सालिहा, द्वितीय स्थान पर मुस्कान और तृतीय स्थान पर संयुक्त रूप से रागिनी शर्मा एवं सौम्या सोनी रहीं। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका डा. सुधा, डा. अखिलेंद्र प्रताप सिंह और डा. रवींद्र कुमार वर्मा ने निभाई। इस मौके पर प्राचार्य प्रो. शेफाली सिंह ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि हम इस तरह के आयोजन करके मतदाता जागरूकता अभियान को गति प्रदान कर सकते हैं और समाज में जागरूकता फैला सकते हैं। प्रतियोगिता के दौरान वहां पर प्रमुख रूप से डॉ. अरविंद कुमार वर्मा, नंदन सिंह, डा. राजेश कुमार, चंद्रभान, सीता पांडेय, डा. वीपी सिंह मौजूद रहे।





दिनाँक : 15 / 12 / 2020 अमर उजाला

# मेहंदी प्रतियोगिता में सालिहा ने मारी बाजी

अंबेडकरनगर। रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत सोमवार को मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। साथ मतदाता जागरूकता विषयक गोष्ठी आयोजित कर चर्चा परिचर्चा भी हुआ। प्रतियोगिता में छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। प्रथम स्थान पर सालिहा जबकि द्वितीय स्थान पर मुस्कान रहीं।

प्राचार्य शेफाली सिंह ने कहा कि महाविद्यालय की छात्राओं में सामाजिक, व्यावहारिक व मानवीय गतिविधियों के विकास को लेकर समय समय आयोजन होते रहे हैं। ताकि छात्राओं को शिक्षित करने के साथ साथ उनके व्यक्तित्व विकास को भी सुनिश्चित किया जा सके। बाद में आयोजित मेहंदी प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सेदारी की। निर्णायक मंडल के निर्णय के बाद सालिहा को प्रथम, मुस्कान को द्वितीय स्थान मिला। रागिनी शर्मा व सौम्या सोनी संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहीं। इसी क्रम में परिसर में ही मतदाता जागरूकता को लेकर आयोजित गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने के लिए मतदाताओं को जागरूक होने की जरूरत है। मतदाताओं के फैसले से ही सरकार का गठन होता है। यह ऐसी हो जो समाज की तरक्की तय करने के साथ लोगों की आकांक्षाओं पर खरी उतर सके। मताधिकार का प्रयोग सोचकर करें। इस मौके पर डॉ. अरविंद कुमार वर्मा, नंदन सिंह, डॉ. राजेश कुमार, चंद्रभान, सीता पाण्डेय व डॉ. वीपी सिंह आदि मौजूद रहे। (संवाद)

**मुस्कान को दूसरा और रागिनी व सौम्या को मिला तीसरा स्थान**





दिनाँक : 17/12/2020 हिन्दुस्तान

# मिशन शक्ति

हिन्दुस्तान 02

रमाबाई राजकीय महिला महाविद्यालय अकबरपुर में स्कूल संवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन, पैनलिस्ट से रूबरू हुईं छात्राएं

## खुद को बुलंद कर हौसलों को उड़ान दें बेटियां





## छेड़खानी की घटनाओं पर बिना देरी पुलिस को फोन करें

## शिक्षा से ही आएगी आत्मनिर्भरता

## घबराएं नहीं, डर के आगे भी जीत है

दिनाँक : 23/12/2020 आदित्य टाइम्स

हिन्दी दैनिक

आदित्य टाइम्स

## भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के जन्मदिन के उपलक्ष्य में प्रतियोगिता एवं कार्यशाला का आयोजन संपन्न



दिनाँक : 23 / 12 / 2020 अमर आनन्द

अमर आनंद | अम्बेडकर नगर | मुरादाबाद, गुरुवार 24 दिसम्बर 2020 | 5

# अटल बिहारी वाजपेई के जन्मदिवस पर व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर महाविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं व कार्यशाला आयोजन किया गया

संवाददाता अमर आनंद

अम्बेडकर नगर। रमाबाई राजकीय महिला महाविद्यालय अकबरपुर, अंबेडकर नगर में दिनांक 21 से 23 दिसंबर 2020 की अवधि में भारत रत्न माननीय अटल बिहारी वाजपेई के जन्म दिवस के उपलक्ष में अटल बिहारी जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर महाविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं व कार्यशाला आयोजन प्राचार्य प्रोफेसर शेफाली सिंह की अध्यक्षता में किया गया। दिनांक 21.12. 2020 को क्विज प्रतियोगिता,दिनांक 22.12. 2020 को निबंध प्रतियोगिता, काव्य पाठ प्रतियोगिता व दिनांक 23. 12. 2020 को चित्रकला प्रतियोगिता अटल जी की कविताओं का चित्रांकन विषय पर आयोजित की गई।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर शेफाली सिंह ने कहा कि भारत रत्न माननीय अटल बिहारी वाजपेई भावनात्मक, मनमोहक मुस्कान, वाणी के ओज, लेखन व विचारधारा के प्रति निष्ठा तथा ठोस फैसले लेने के लिए विख्यात वाजपेयी को भारत व पाकिस्तान के मतभेदों को दूर करने की दिशा में प्रभावी पहल करने का श्रेय दिया जाता है। राजनीति में लोकतांत्रिक नैतिकता की मिसाल थे। अपने पांच दशक के लंबे संसदीय जीवन में उन्होंने संसद की गरिमा और लोक की इच्छा का सदैव सम्मान किया बहुमुखी प्रतिभा के धनी अटल बिहारी वाजपेई ने विपक्ष में रहते हुए उत्तम पक्ष को सदैव संकेत करते रहे कि लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन ना हो और जब सत्ता में आए तो राज धर्म का कुशलतापूर्वक पालन किया। हिंदी विभाग प्रभारी डॉ सुषमा ने कहा कि अटल जी संघर्षों से जीत के अप्रतिम उदाहरण थे उनकी कविताएं और साहस से पूर्ण होती हैं जो जीवन हमारी जिजीविषा को शक्ति प्रदान करती है। अटल जी के जीवन से हम सब राष्ट्रप्रेम,सद्भाव, निष्ठा तथा अपने जीवन में ईमानदारी व नैतिकता जैसे गुणों को उतार सकते हैं। अटल जी जैसा निर्विवाद व्यक्तित्व दुर्लभ है वह अजात शत्रु थे, सहयोगी एवं विरोधी सभी उनके व्यक्तित्व के कायल थे।

महाविद्यालय महाविद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में की छात्राओं ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया।





चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान वंदना, द्वितीय स्थान अंकिता वर्मा तथा तृतीय स्थान मालिका सिंह ने प्राप्त किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में अनामिका तिवारी प्रथम स्थान, निधि यादव व सम्या जायसवाल संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान, सपना मिश्रा सांभवी पांडेय संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर तथा काव्य पाठ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अंशिका पाण्डेय,द्वितीय स्थान नमिता तिवारी तथा तृतीय स्थान अनुराधा गुप्ता ने प्राप्त किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के मुख्य नियंता डॉ अरविंद कुमार वर्मा, डॉ शशांक पाठक ,डॉ विश्वनाथ द्विवेदी ,रवींद्र कुमार वर्मा,डॉ सीमा यादव,डॉ अरुण कांत गौतम, डॉ महेंद्र यादव, एनएसएस प्रभारी डॉ राकेश यादव ,डॉ अखिलेश प्रताप सिंह ,कुमारी सीता पांडेय, बी. मिश्रा, डॉ पूनम, डॉ मनोज गुप्ता, डॉ नंदन सिंह, चंद्रभान, डॉ संगीता, डॉ राकेश कुमार ,डॉ विजय प्रकाश सिंह व महाविद्यालय की छात्राएं उपस्थित थीं।

दिनाँक : 24 / 12 / 2020 संदेशवाहक

आयोजन

भारत रत्न अटल बिहारी के जन्म दिवस पर रमाबाई महाविद्यालय में प्रतियोगिताएं आयोजित

# राजनीति में नैतिकता की मिसाल थे वाजपेयी

संदेश वाहक ब्यूरो

अम्बेडकर नगर। रमाबाई राजकीय महिला महाविद्यालय अकबरपुर में 21 से 23 दिसंबर तक भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के जन्म दिवस के उपलक्ष में अटल बिहारी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर महाविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं व कार्यशाला का आयोजन प्राचार्य प्रोफेसर शेफाली सिंह की अध्यक्षता में किया गया।

**संक्षेप**

- 21 दिसंबर से चल रहा था आयोजन, 23 को हुआ समापन
- प्रतियोगिताओं व कार्यशाला का आयोजन प्राचार्य की अध्यक्षता में किया गया

21 दिसंबर को क्विज प्रतियोगिता, 22 दिसंबर को निबंध प्रतियोगिता, काव्य पाठ प्रतियोगिता व 23 दिसंबर को चित्रकला प्रतियोगिता अटल की कविताओं का चित्रांकन विषय पर आयोजित की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य शेफाली सिंह ने कहा कि भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई भावनात्मक, मनमोहक मुस्कान, वाणी के ओज, लेखन व विचारधारा के प्रति निष्ठा तथा ठोस



फैसले लेने के लिए विख्यात वाजपेयी को भारत व पाकिस्तान के मतभेदों को दूर करने की दिशा में प्रभावी पहल करने का श्रेय दिया जाता है। राजनीति में लोकतांत्रिक नैतिकता की मिसाल थे। हिंदी विभाग प्रभारी डॉ सुषमा ने कहा कि अटल संघर्षों से जीत के अप्रतिम उदाहरण थे उनकी कविताएं और साहस से पूर्ण होती हैं जो जीवन हमारी जिजीविषा को शक्ति प्रदान करती है।

महाविद्यालय महाविद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में की छात्राओं ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान वंदना, द्वितीय स्थान अंकिता वर्मा तथा तृतीय स्थान मालिका सिंह ने प्राप्त किया।

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में अनामिका तिवारी प्रथम स्थान, निधि यादव व सम्या जायसवाल संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान, सपना मिश्रा सांभवी पांडेय संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर तथा काव्य पाठ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अंशिका पाण्डेय, द्वितीय स्थान नमिता तिवारी तथा तृतीय स्थान अनुराधा गुप्ता ने प्राप्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के मुख्य नियंता डॉ अरविंद कुमार वर्मा, शशांक पाठक, डॉ विश्वनाथ द्विवेदी, रवींद्र कुमार वर्मा, डॉ सीमा यादव, डॉ. अरुण कांत गौतम, डॉ महेंद्र यादव, एनएसएस प्रभारी डॉ राकेश यादव, डॉ अखिलेश प्रताप सिंह, सीता पांडेय, बी. मिश्रा, डॉ पूनम, डॉ मनोज गुप्ता, डॉ नंदन सिंह, चंद्रभान, डॉ संगीता, डॉ राकेश कुमार, डॉ विजय प्रकाश सिंह व महाविद्यालय की छात्राएं उपस्थित रहीं।

दिनाँक : 24 / 12 / 2020 हिन्दुस्तान

अटल जन्मोत्सवः प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने गर्मजोशी से किया प्रतिभाग, मूल्यांकन से तीन दिनी जन्मोत्सव का हुआ समापन

# चित्रकला, प्रश्नोत्तरी, काव्य पाठ में याद किए गए अटल बिहारी

अम्बेडकरनगर| हिन्दुस्तान संवाद

स्थानीय राजकीय महिला महाविद्यालय अकबरपुर में बीते सोमवार से शुरू हुए अटल जन्मोत्सव का बुधवार को समापन हुआ। भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में जन्मोत्सव की कड़ी में उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का और कार्यशाला का आयोजन हुआ।

प्राचार्य प्रोफेसर शेफाली सिंह के निर्देशन में पहले दिन निबंध प्रतियोगिता, दूसरे निबंध प्रतियोगिता एवं काव्य पाठ प्रतियोगिता का अंतिम दिन बुधवार को अटल की



छात्राओं के बनाए चित्रकला प्रतियोगिता का अवलोकन करतीं प्राचार्य शेफाली सिंह

कविताओं का चित्रांकन विषयक चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित हुई। विभिन्न प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान वंदना को, द्वितीय स्थान अंकिता वर्मा को तथा तृतीय स्थान सारिका सिंह ने प्राप्त किया। वहीं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में अनामिका तिवारी प्रथम, निधि यादव व समता जायसवाल संयुक्त रूप से द्वितीय और सपना मिश्रा व कामिनी पांडेय संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहीं। दूसरी ओर काव्य पाठ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अंशिका पाण्डेय, द्वितीय स्थान नंदिता तिवारी तथा तृतीय स्थान अनुराधा गुप्ता ने प्राप्त किया। बुधवार को आयोजित कार्यशाला में प्राचार्य प्रो. शेफाली सिंह ने कहा कि भाषण कला, मनमोहक मुस्कान, वाणी के ओज, लेखन व विचारधारा के प्रति निष्ठा तथा ठोस फैसले लेने के लिए विख्यात अटल बिहारी वाजपेयी को भारत और पाकिस्तान के मतभेदों को दूर करने की दिशा में प्रभावी पहल करने का श्रेय दिया जाता है। वे राजनीति में लोकतांत्रिक नैतिकता की मिसाल थे। वे विपक्ष में रहते हुए सत्ता पक्ष को सदैव प्रेरित करते रहे कि लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन न हो और जब सत्ता में आए तो राज धर्म का कुशलतापूर्वक पालन किया। हिंदी विभाग प्रभारी डा. सुधा ने कहा कि अटल संघर्षों से जीत के अप्रतिम उदाहरण थे। कार्यशाला में डा. अरविंद कुमार वर्मा, डा. शाहिद परवेज, डा. विश्वनाथ द्विवेदी, रवींद्र कुमार वर्मा, डा. सीमा यादव, डा. अरुण कांत गौतम, डा. महेंद्र यादव, एनएसएस प्रभारी डा. राकेश यादव, डा. अखिलेश प्रताप सिंह, नीता वर्तमान व छात्राएं मौजूद रहीं।